वारदात | घर के आंगन में मिला शव, सिर पर मिले गंभीर चोट के निशान, दो भतीजों पर आरोप

# टोना-टोटका के शक में वृद्धा की हत्या



**अनूपपुर, नवभारत 3 अगस्त।** जिले के वेंकटनगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केरहा भेलमा में 60 वर्षीय वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान राम बाई पत्नी स्व. शुद्धू सिंह गोंड़ के रूप में हुई है।

प्रारंभिक जांच में जमीनी विवाद और टोना-टोटका की शंका को लेकर दो भतीजों द्वारा मारपीट किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को ग्रामीणों ने सूचना दी कि राम बाई का शव उसके घर के आंगन में पड़ा है।

### पुलिस ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

सूचना मिलते ही वेंकटनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव के सिर और माथे पर गंभीर चोट के निशान पाए गए, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

### जमीनी विवाद भी चल रहा था

जांच के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि 2 अगस्त की सुबह करीब 8.30 बजे राम बाई के दो भतीजे फूल सिंह गोड़ और सुरेश सिंह गोड़ जमीनी विवाद तथा जादू-टोना करने के संदेह को लेकर उससे विवाद कर मारपीट कर रहे थे। आशंका है कि इसी मारपीट के कारण वृद्धा की मौत हुई।

### वृद्धा अकेली रहती थीं

ग्रामीणों के अनुसार राम बाई घर में अकेली रहती थीं। 3 अगस्त को गांव में धान रोपाई के लिए जब वह नहीं पहुंचीं तो ग्रामीण उन्हें बुलाने उनके घर पहुंचे। वहां घर के बाहर आंगन में उनका शव पड़ा मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

### अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# गड्ढों में तब्दील हुई अमलई की पीडब्ल्यूडी सड़क

- कई गांवों का मुख्य संपर्क मार्ग बदहाल ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल



**अनूपपुर, नवभारत 3 अगस्त।** लगातार हो रही बारिश ने ग्राम पंचायत अमलई क्षेत्र की पीडब्ल्यूडी सड़क की बदहाल तस्वीर सामने ला दी है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क तालाब जैसी नजर आने लगी है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण राहगीरों, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ स्कूली बच्चों और ग्रामीणों का सुरक्षित आवागमन जोखिम भरा हो गया है। यह सड़क केवल अमलई गांव ही नहीं, बल्कि ग्राम पंचायत देवरी मौहरी सहित आसपास के कई गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण संपर्क सड़क है।

### वाहन गड्ढों में फंस रहे

प्रतिदिन इसी मार्ग से सैकड़ों ग्रामीण, छात्र-छात्राएं, किसान और मजदूर आवागमन करते हैं। लेकिन सड़क की खराब हालत के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन गड्ढों में फंसने और फिसलने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

### सड़क की परत उखड़ गई

ग्रामीणों के अनुसार पिछले वर्ष ग्राम पंचायत द्वारा सड़क पर जीएसबी डलवाकर मरम्मत कराई गई थी, लेकिन पहली ही बारिश में सड़क की परत उखड़ गई और अधिकांश हिस्सों से जीएसबी बह गई। परिणामस्वरूप सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाने से उनकी गहराई का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है।

# चोरी के बाद झाड़ियों में मिला शिवलिंग

- वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई पुन: प्राण-प्रतिष्ठा



**अनूपपुर, नवभारत 3 अगस्त।** जिले के फुनगा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कदमटोला स्थित प्रसिद्ध मडदेउरा धाम से प्रथम सावन के दिन चोरी हुआ शिवलिंग आखिरकार गांव के समीप झाड़ियों से सुरक्षित अवस्था में बरामद हो गया। शिवलिंग मिलने की सूचना के बाद पूरे क्षेत्र में श्रद्धालुओं के बीच खुशी और राहत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार अज्ञात असामाजिक तत्वों ने मंदिर से शिवलिंग हटाकर गांव के पास झाड़ियों में छिपा दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने लगातार खोजबीन शुरू की, जिसके दौरान शिवलिंग सुरक्षित अवस्था में बरामद कर लिया गया। शिवलिंग की बरामदगी के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ शिवलिंग की पुन: प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी की गई।

### अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी

इस दौरान भगवान शिव के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया और श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं ग्रामीणों ने इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जल्द पहचान करने और उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के लिए विशेष शिविर 5 को

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के निराकरण के संबंध में 5 अगस्त को अपराह्न 12 से जिला पंचायत सभागार अनूपपुर में विशेष शिविर आयोजित किया गया है उक्ताशय की जानकारी जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने देते हुए बताया है कि लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के आवेदक भी आयोजित शिविर में उपस्थित रहकर अपना पक्ष रख सकते है उन्होंने सभी विभागों जिनमे अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण लंबित हैं के जिला प्रमुखों को अपने स्थापना लिपिक के साथ शिविर में अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण से संबंधित जानकारी लेकर उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

# 1.168 किग्रा गांजा, मोबाइल व बाइक जब्त

- नशे के खिलाफ कोतमा पुलिस का बड़ा प्रहार, आरोपी गिरफ्तार



**कोतमा नवभारत 3 अगस्त।** जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतमा पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में रात्रिकालीन रोड पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी कर रहे एक आरोपी को रंगे हाथों धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 168 ग्राम अवैध गांजा, एक पल्सर मोटरसाईकिल और एक मोबाइल फोन जब्त किया है।

### मुखबिर की सूचना पर की घेराबंदी

थाना प्रभारी कोतमा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध गांजा लेकर केसवाही से कोतमा की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी द्वारा तत्काल रोड पेट्रोलिंग टीम को केसवाही रोड की ओर रवाना किया गया।

### आरोपी ने भागने का किया प्रयास

पेट्रोलिंग के दौरान देवगांव तिराहे के पास सामने से आ रहे पल्सर सवार ने पुलिस वाहन को देखते ही गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास किया। मुस्तैद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और मुड़धावा तिराहा (केशवाही रोड) के पास उसे चारों तरफ से घेरकर रोक लिया।

### बाइक की डिक्की से बरामद हुआ गांजा

हिरासत में लिए गए बाइक चालक ने अपना नाम दिनेश महरा बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपनी मोटरसाईकिल की डिक्की में गांजा रखा होना स्वीकार किया। विधिवत तलाशी लेने पर पुलिस ने मौके से 1 किलो 168 ग्राम गांजा, 1 पल्सर मोटरसाईकिल, 1 मोबाइल फोन जब्त किया।

## एक नजर में

### मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 7 से



**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासकीय सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 की शुरुआत 7 अगस्त से होगी। अभियान के सफल संचालन को लेकर कलेक्टर रत्नाकर झा ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण और जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया है। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर समाधान शिविर लगाए जाएंगे, जहां नागरिकों की शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। अभियान का पहला शिविर 7 अगस्त को नगर परिषद कार्यालय हॉल बिजुरी में आयोजित होगा।



### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक आरबी प्रजापति को दी बिदाई

**अनूपपुर, नवभारत।** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल दुलहरा के प्रधानाध्यापक आर. बी. प्रजापति 42 वर्ष 7 माह की निष्कलंक एवं समर्पित शासकीय सेवा पूर्ण करने के बाद 31 जुलाई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि, सेवानिवृत्त शिक्षक, गणमान्य नागरिक तथा परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक संचालक शिक्षा ओंकार सिंह धुर्वे थे। समारोह में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश संयोजक अनिल कुमार सिंह, प्राचार्य राजीव श्रीवास्तव, डॉ. नरेन्द्र पटेल, संजय कुमार निगम, सत्यनारायण मौर्य, रामकुमार राठौर, बिष्णु मिश्रा, राजेश शुक्ला, आर. पी. सोनी सहित अनेक शिक्षकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने सहभागिता की।

# 5 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी हड़ताल पर

- मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, तहसीलों में जमा किए बस्ते और राजस्व अभिलेख



**अनूपपुर, नवभारत 3 अगस्त।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर सोमवार से अनूपपुर जिले के सभी पटवारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। आंदोलन के पहले दिन जिले के सभी तहसीलों के पटवारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा तथा अपने बस्ते और राजस्व अभिलेख संबंधित तहसील कार्यालयों में जमा कर दिए। जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष चेतन सिंह मरावी ने बताया कि प्रदेशभर के पटवारी लंबे समय से अपनी मांगों के निराकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन शासन स्तर पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसके विरोध में मध्यप्रदेश पटवारी संघ के निर्देशानुसार जिले के सभी पटवारियों ने सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है।

### लंबित मानदेय शीघ्र भुगतान करने की मांग

पांच प्रमुख मांगें में कैडर रिव्यू लागू कर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाने, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा नियमित रूप से आयोजित किए जाने, पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल किए जाने, विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेय एवं भुगतानों का शीघ्र भुगतान किए जाने किये जाने की मांगें प्रमुख है।

## विद्यालयों-छात्रावासों में पेयजल जांच के निर्देश

**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर रत्नाकर झा ने जिले के सभी विद्यालयों, छात्रावासों और आश्रमों में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पेयजल गुणवत्ता की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पानी के नमूनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कराई जाए और यह प्रक्रिया लगातार जारी रखी जाए, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। सोमवार को कलेक्ट्रेट के नर्मदा सभागार में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों के सभी हैंडपंप चालू रखने और उनकी जल गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# वार्डों में हो रही फॉगिंग व केमिकल छिड़काव

- राजनगर नगर परिषद का स्वच्छता अभियान तेज



**राजनगर, नवभारत 3 अगस्त।** बरसात के मौसम में मच्छरों एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर परिषद (बनगवां) राजनगर ने विशेष स्वच्छता अभियान तेज कर दिया है।

नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी लखन पनिका स्वयं विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर अभियान की निगरानी कर रहे हैं और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। अभियान के तहत नगर के सभी वार्डों में मच्छरों एवं कीटों पर नियंत्रण के लिए केमिकल स्प्रे, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव तथा फॉगिंग मशीन के माध्यम से दवा का छिड़काव कराया जा रहा है।

### नागरिकों से की सहयोग की अपील

नगर परिषद का उद्देश्य बरसात के दौरान डेंगू, मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों की रोकथाम करना है। मुख्य नपाधिकारी लखन पनिका ने बताया कि पूरे नगर क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से फॉगिंग और केमिकल स्प्रे का कार्य लगातार जारी है। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह ने नागरिकों से अपने घरों एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, कहीं भी पानी जमा नहीं होने देने तथा स्वच्छता अभियान में नगर परिषद का सहयोग करने की अपील की।

## दो जुआ फड़ों पर पुलिस का छापा, 8 गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 3 अगस्त।** जिले में अवैध जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतमा पुलिस ने शनिवार को एक ही दिन में दो अलग-अलग जुआ फड़ों पर छापेमार कार्रवाई कर आठ जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

पुलिस ने दोनों स्थानों से कुल तीन हजार रुपये नकद एवं 104 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पहली कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर वार्ड क्रमांक 10 स्थित सिया मनी दुबे के घर के पास संचालित जुआ फड़ पर की गई। यहां पुलिस ने देवशरण यादव, बद्रीनारायण प्रजापति, मोहम्मद हुसैन तथा अनिल कुमार बैरागी को ताश के पत्तों पर रुपये का दांव लगाते हुए गिरफ्तार किया। मौके से 1,400 रुपये नकद एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए।

### जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज

इसके बाद पुलिस ने वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर में तहसील कार्यालय के पास संचालित एक अन्य जुआ फड़ पर दबिश दी। यहां संतोष कुमार पनिका, रामकुमार यादव, दिनेश कुमार पनिका तथा मोहम्मद सलीम को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। इस कार्रवाई में 1,600 रुपये नकद एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए।

## ट्रांसको ने विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर रोपे पौधे

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 400 केवी सबस्टेशन में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर एक सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन एवं प्रकृति को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर परिसर में लगभग 100 पौधे रोपे गए तथा उनकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी सभी कार्मिकों द्वारा लिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अनिल सक्सेना सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# अनूपपुर विद्युत वृत्त को मिला आईएसओ प्रमाणन

- कार्यालयों को स्वच्छ, सुरक्षित, व्यवस्थित बनाने चलाया गया था अभियान



**अनूपपुर, नवभारत 3 अगस्त।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के जबलपुर क्षेत्रांतर्गत अनूपपुर विद्युत वृत्त ने कार्यालयीन गुणवत्ता, स्वच्छता और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अनूपपुर वृत्त को उत्कृष्ट कार्यप्रणाली, गुणवत्ता मानकों के प्रभावी अनुपालन तथा पर्यावरण प्रबंधन के लिए अंतरराष्ट्रीय ढ्ढस्ह 9001:2015 एवं ढ्ढस्ह 14001:2015 प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह सम्मान अनूपपुर वृत्त द्वारा अपनाई गई गुणवत्ता आधारित कार्यसंस्कृति, सुव्यवस्थित प्रशासनिक व्यवस्था और उपभोक्ता-केंद्रित सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### बेस्ट् प्लेस टू वर्क अभियान चलाया गया था

मुख्य अभियंता (शहडोल क्षेत्र) प्रमिल मिश्रा के मार्गदर्शन में बेस्ट् प्लेस टू वर्क अभियान और मेथोडोलॉजी के तहत कार्यालयों को स्वच्छ, सुरक्षित, व्यवस्थित एवं मानकीकृत बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसके सकारात्मक परिणामस्वरूप यह अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन प्राप्त हुआ।

इस उपलब्धि पर मुख्य अभियंता प्रमिल मिश्रा ने अधीक्षण अभियंता इमरान खान को आईएसओ प्रमाण-पत्र प्रदान किया। उन्होंने अनूपपुर वृत्त के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

आरोप | 15वें वित्त आयोग से हुआ निर्माण, ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लगाए घटिया निर्माण के आरोप

# पसला में 10 दिन में टूटी 4.08 लाख की आरसीसी नाली



**अनूपपुर, नवभारत 3 अगस्त।** जनपद जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत पसला में 15वें वित्त आयोग की राशि से 4 लाख 8 हजार की लागत से निर्मित आरसीसी नाली निर्माण कार्य गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवालों के घेरे में आ गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण पूरा होने के महज 10 दिन के भीतर ही नाली कई स्थानों से टूटने लगी, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार आरसीसी नाली का निर्माण ढक्कन सहित किया जाना था।

### 19 मई को तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई थी

निर्माण कार्य को 18 मई को प्रशासनिक एवं 19 मई को तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई थी। बावजूद इसके मौके पर अधिकांश हिस्से में नाली के ढक्कन नहीं लगाए गए हैं। केवल कुछ स्थानों पर ढक्कन लगाकर औपचारिकता पूरी कर दी गई, जबकि लंबा हिस्सा आज भी खुला पड़ा हुआ है।

### सड़क किनारे की खुली नाली बनी खतरा

सड़क किनारे बनी खुली नाली अब स्थानीय लोगों के लिए खतरे का कारण बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पैदल राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है।

कई मवेशी भी नाली में गिरकर घायल हो चुके हैं, लेकिन पंचायत की ओर से अब तक कोई प्रभावी सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है।

### निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत होने के बावजूद कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया गया। उनका कहना है कि निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके कारण नई आरसीसी नाली कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त हो गई।

## शस्त्र लाइसेंसों के नवीनीकरण में हो रही देरी

- कलेक्टर से की गई कार्रवाई की मांग

**अनूपपुर, नवभारत 3 अगस्त।** जिले में शस्त्र लाइसेंसों के नवीनीकरण में हो रही देरी का मामला सामने आया है। जिला अधिवक्ता समिति के सदस्य एवं विधि क्षेत्र से जुड़े भूपेंद्र सिंह सेंगर ने कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपकर समय सीमा के भीतर शस्त्र लाइसेंसों के नवीनीकरण एवं निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूरी कराने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में जारी कई शस्त्र लाइसेंसों का समय पर नवीनीकरण नहीं किया गया है। कई लाइसेंसों की वैधता वर्षों पहले समाप्त हो चुकी है, लेकिन न तो उनका नवीनीकरण हुआ और न ही उन्हें निरस्त किया गया। इससे कई शस्त्र धारक बिना वैध नवीनीकरण के ही शस्त्र अपने पास रखे हुए हैं। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर भेजे जाने वाले प्रतिवेदन भी वर्षों से लंबित हैं।

### सभी लंबित शस्त्र लाइसेंसों की समीक्षा की जाए

भूपेंद्र सिंह सेंगर ने कलेक्टर से मांग की है कि जिले में जारी सभी लंबित शस्त्र लाइसेंसों की समीक्षा कर नियमानुसार उनका नवीनीकरण अथवा निरस्तीकरण समयबद्ध तरीके से कराया जाए, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था और कानूनी प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके।